<u>समाचार</u>

राजस्व मंत्री करेंगे विकास कार्य का भूमिपूजन

कोरबा 15 मार्च 2021 –राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल 16 मार्च मंगलवार को प्रातः 11 बजे वार्ड क्र. 13 अंतर्गत गुरूद्वारा के पास स्थित सामुदायिक भवन के समीप अतिरिक्त सुविधा व विकास संबंधी कार्य का भूमिपूजन करेंगे। इस मौके पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद, सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी सहित निगम की मेयर इन काउंसिल के सदस्यगण, पार्षद व एल्डरमेनगण सहित वरिष्ठ नागरिक अपनी गरिमामयी उपस्थिति देंगे। कार्यक्रम टी.पी.नगर स्थित गुरूद्वारा के समीप आयोजित किया गया है।